आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 12.09.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :—**

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने की मुलाकात। कानून—व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा।
- कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने शहरी विकास, जलागम और पर्यावरण विभाग की समीक्षा की। विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- देहरादून जिले में अवैध प्लॉटिंग पर एमडीडीए की बड़ी कार्रवाई। करीब 50 बीघा क्षेत्र सील किया गया।
- रुद्रप्रयाग जिले में चीरबासा हैलीपैड के पैदल मार्ग पर आए मलबे और पत्थर को साफ करने के बाद केदारनाथ पैदल यात्रा सुचारु।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से लोक भवन में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान, साइबर सुरक्षा, पुलिस आधुनिकीकरण और आगामी कुंभ सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने "नशा मुक्त देवभूमि" अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के बाहर रहने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए नियमित गश्त और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने को कहा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने प्रदेश में 'साइबर अपराधों की रोकथाम और साइबर सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों से अवगत कराया। राज्यपाल ने साइबर अपराधों से बचाव के लिए आमजन, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा आगामी कुंभ के लिए सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन की तैयारियां समयबद्ध पूरी करने के निर्देश भी दिए।

**सहकारी बैंक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में प्रदेश के विभिन्न जिला सहकारी बैंकों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सहकारिता राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिला सहकारी बैंक किसानों, ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने के साथ ही स्वरोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से

पारदर्शिता और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सहकारिता को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की अपेक्षा की।

**समीक्षा**

कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने देहरादून में शहरी विकास, जलागम प्रबंधन और पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। श्री कैड़ा ने शहरी क्षेत्रों में पेयजल, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। उन्होंने जल संरक्षण और जलस्रोतों के पुनरुद्धार को प्राथमिकता देने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण, प्लास्टिक उन्मूलन और प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में लापरवाही और देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और बजट का पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**छात्रवृत्ति**

समाज कल्याण एवं जनजाति कल्याण विभाग की पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए शैक्षणिक वर्ष 2026–27 में आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। पात्र विद्यार्थी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पौड़ी के जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया ने विद्यार्थियों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना आवेदन पूरा करने की अपील की है। आवेदन से पहले विद्यार्थियों को पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन यानी ओटीआर कराना होगा। इसके बाद ओटीआर के माध्यम से लॉगिन कर आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति की राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाएगी। इसके लिए बैंक खाता आधार से लिंक और सक्रिय होना जरूरी है।

**पुल**

रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम मार्ग को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुल का काम लगभग पूरा हो गया है। पुल की भार सहने की जांच भी सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। बारिश के कारण कुछ कार्य शेष हैं, जिन्हें मौसम अनुकूल होते ही पूरा किया जाएगा। पुल के निर्माण से दोनों धामों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। साथ ही तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में सड़क और पुलों के माध्यम से

कनेक्टिविटी को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क और पुल संपर्क मजबूत होने से चारधाम यात्रा, पर्यटन और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**एमडीडीए**

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए ने देहरादून जिले के बद्रीपुर, धर्मावाला और हरबर्टपुर क्षेत्र में बिना स्वीकृत तलपट मानचित्र के करीब 40–50 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्थल को सील कर दिया। एमडीडीए के अनुसार, भू–स्वामी की ओर से प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए बिना बड़े भू–भाग में प्लॉटों का चिन्हीकरण किया जा रहा था। शिकायत और निरीक्षण के बाद प्राधिकरण ने प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वाद दायर किया। सुनवाई और निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद एमडीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर सीलिंग की कार्रवाई की। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में बिना स्वीकृति प्लॉटिंग और विकास कार्यों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे मामलों में त्वरित जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। एमडीडीए ने लोगों से भूखंड खरीदने से पहले संबंधित भूमि और कॉलोनी का स्वीकृत ले–आउट–तलपट मानचित्र और एमडीडीए की स्वीकृतियां जांचने की अपील की है।

**केदारनाथ यात्रा**

रुद्रप्रयाग जिले में चीरबासा हैलीपैड के पैदल मार्ग पर आये मलबे और पत्थर को साफ करने के बाद केदारनाथ पैदल यात्रा सुचारु कर दी गई है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रुके श्रद्धालुओं को केदारनाथ की ओर भेज दिया गया है।

**पोशण माह**

पोषण माह के तहत बागेश्वर जिले के दूरस्थ गांव भनारतोली में जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में महिलाओं, छात्र–छात्राओं और ग्रामीणों को संतुलित व पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर सीता धामी ने बताया कि सरकार की ओर से सितंबर माह में पोषण माह का आयोजन किया जाता है। इसके तहत ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर लोगों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

लाभार्थी ललिता जोशी ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान विभाग की ओर से उन्हें कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही पौष्टिक आहार किट भी दी की गई, जिससे उन्हें काफी लाभ मिला।